हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 14 मई 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 कन्नौद थाना और अनुभाग अव्वल, यातायात ...



09 समस्याओं व जिज्ञासाओं को समझते स्वास्थ्य ...



## खबर संक्षेप

### आधार पंजीयन किट उपलब्ध कराएं

**सीहोर।** सीहोर जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी में आधार पंजीयन कार्य हेतु आधार पंजीयन किट की आवश्यकता है । जिन व्यक्तियों के पास भी आधार पंजीयन किट उपलब्ध है एवं वे अपनी किट जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी सीहोर को निशुल्क प्रदाय करना चाहते है तो वे अपनी मशीन सोसाइटी को दिनांक 18 मई से 1 जून तक विधिवत जानकारी सहित प्रदाय कर सकते हैं । मशीन प्रदाय करने वाले व्यक्ति को जिले में आधार कार्य करने हेतु अवसर प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए सीहोर जिले की वेबसाईट पर विस्तृत जानकारी देख सकते हैं या जिला ई-गवर्नेंस कार्यालय सीहोर में संपर्क कर सकते हैं।

### जनसुनवाई में आए 45 आवेदन

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में




जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 45 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### संपर्क अभियान के अंतर्गत 14 मई को लगाए जाएंगे शिविर

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 14 मई को कलस्टर 01 के विद्युत वितरण केंद्रों पर संपर्क अभियान के अंतर्गत कैंप आयोजित किए जाएंगे। कैंप में बिजली उपभोक्ताओं की बिल, मीटर, सर्विस केबल, कनेक्शन एवं तकनीकी सेवाओं संबंधी शिकायतों का निराकरण किया जाएगा। जिन स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे उनमें अमलाहा, छतरी, बिजलोन, देवली, खेरी, भाउखेड़ी, महुआखेड़ा, गावंतालाब, करंजखेडा, गुड़भेला, वार्ड न.3, वार्ड न.8, अरनिया सुल्तानपुर, अबदुल्लापुर, चैनपुरा शामिल हैं।

### शिक्षा के मंदिर में डाका, मरम्मत के नाम पर लाखों हड़पे, बच्चों के भविष्य से भ्रष्टाचार का खेल

# कायाकल्प राशि घोटाला: बिना काम के निकाली गई रकम, प्राचार्य के इनकार के बावजूद फंड खपाया

सबसे बड़ा खुलासा बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल से हुआ है, जहां प्राचार्य द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बावजूद फंड को दूसरे स्कूल में खपाने का मामला सामने आया है।







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य को संवारने के नाम पर ऐसा खेला गया, जिसने शिक्षा व्यवस्था की नींव तक हिला दी है। स्कूलों की मरम्मत और कायाकल्प के लिए सरकार द्वारा जारी लाखों रुपये कथित तौर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। कहीं बिना जरूरत दीवारें तुड़वाई गईं, कहीं नए गेट लगाकर पुराने हटाए गए, तो कहीं कागजों में ही मरम्मत पूरी दिखाकर सरकारी खजाने से रकम निकाल ली गई। सबसे बड़ा खुलासा बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल से हुआ है, जहां प्राचार्य द्वारा राशि लेने से इनकार करने के बावजूद फंड को दूसरे स्कूल में खपाने का मामला सामने आया है। अब यह पूरा घोटाला जिलेभर में चर्चा और गुस्से का विषय बन गया है।

#### नई बिल्डिंग थी, फिर भी मरम्मत के नाम पर खेल

बिलकिसगंज संदीपनि स्कूल में नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में स्कूल के प्राचार्य पवन शर्मा ने साफ तौर पर विभाग को लिखित में बताया कि उन्हें मरम्मत राशि की आवश्यकता नहीं है। लेकिन आरोप है कि शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस फंड को भी नहीं छोड़ा। कथित तौर पर इस राशि को श्यामपुर के एक सरकारी स्कूल में मरम्मत के नाम पर खर्च दिखाकर ठिकाने लगा दिया गया। प्राचार्य का पत्र अब पूरे मामले में सबसे बड़ा दस्तावेज माना जा रहा है, जिसने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**जबरन लिखवाए गए "काम पूरे होने" के कागज :** मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि कई स्कूलों में वास्तव में मरम्मत की जरूरत ही नहीं थी। बावजूद इसके, अधिकारियों द्वारा स्कूल प्राचार्यों पर दबाव बनाकर "काम पूरा होने" के दस्तावेज तैयार करवाए गए। सूत्र बताते हैं कि कुछ स्कूलों में केवल दिखावे के लिए दीवारें तुड़वाई गईं और दोबारा बनवाई गईं। कहीं पुराने लेकिन सही हालत वाले गेट हटाकर नए गेट लगा दिए गए। कई जगहों पर केवल खानापूर्ति कर फोटो खींचे गए और फाइलों में लाखों का काम पूरा दिखा दिया गया।

**आधे-अधूरे काम, लेकिन पूरा भुगतान :** इस पूरे घोटाले में "पूर्णता प्रमाण पत्र" सबसे बड़ा हथियार बनकर सामने आया है। नियमानुसार जब तक विभागीय इंजीनियर और सत्यापन टीम काम से संतुष्ट न हो जाए, तब तक अंतिम भुगतान नहीं किया जा सकता। लेकिन आरोप है कि यहां अधूरे और विवादित कार्यों को भी "पूर्ण" घोषित कर दिया गया। फर्जी तरीके से पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किए गए और लाखों रुपये की पूरी राशि निकाल ली गई।

**जांच के आदेश, दोषियों पर कार्रवाई की बात :** जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि उच्च स्तर से जांच के आदेश प्राप्त हुए हैं। डीपीसी के सहायक यंत्री को मूल्यांकन और तकनीकी जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य और खामियां सामने आएंगी, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### गरीब बच्चों के नाम पर करोड़ों की बंदरबांट

शासन द्वारा प्रत्येक स्कूल को लगभग साढ़े पांच लाख रुपये की राशि जारी की गई थी। उद्देश्य था कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। लेकिन हकीकत में कई स्कूलों में काम अधूरा पड़ा है, जबकि कई जगह घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ। स्थिति इतनी खराब है कि नई टाइल्स और पुताई कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी। बच्चों को सुरक्षित और बेहतर माहौल देने का सपना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।

## सरकारी बोरिंग पर कब्जे का आरोप पानी को तरसे ग्रामीण, महिलाएं 2 किमी दूर से ला रहीं पीने का पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम शेरपुर में ग्रामीण भीषण जल संकट का सामना कर रहे हैं। गांव की महिलाओं ने जनसुनवाई में कलेक्टर से शिकायत की है कि एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने सरकारी बोरिंग पर कब्जा कर लिया है, जिससे उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है।

महिलाओं ने बताया कि यह बोरिंग विधायक निधि से लगाया गया था और ग्रामीण इसका उपयोग करते थे। हालांकि, पिछले 15 दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केसर भारती किसी को भी बोरिंग से पानी नहीं भरने दे रही हैं। ग्रामीणों के अनुसार, गांव में पानी की भारी किल्लत है। सरकारी हैंडपंप सूख चुके हैं और नलजल योजना की टंकी अभी तैयार हो रही है। कई परिवार पानी के लिए इसी बोरिंग पर निर्भर थे। ग्रामीण महिला राधाबाई ने बताया कि पानी की समस्या इतनी गंभीर है कि उन्हें 2 किलोमीटर दूर ग्राम महुआखेड़ी से साइकिल और अन्य वाहनों से पानी लाना पड़ रहा है, जिसमें काफी समय लगता है। उन्होंने यह भी बताया कि वे इस संबंध में सरपंच और सचिव से कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। महिलाओं ने कलेक्टर से सरकारी बोरिंग को कब्जा मुक्त कराने और ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## बहुजन मुक्ति पार्टी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्ट्रेट कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**सीहोर।** बहुजन मुक्ति पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में आव्हान पर केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालयों पर किया जा रहा है । इसी कड़ी में सीहोर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मालवीय के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन के साथ ही बड़ते हुए विद्युत बिलों एवं स्मार्ट मीटर के विरोध में लालटेन भी सौंपा गया। श्री मालवीय ने ज्ञापन का वाचन करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी प्रतिदिन निर्माण की जा रही है। स्मार्ट मीटर द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। महंगे घरेलू गैस और कॉमर्शियल गैस एवं महंगे पेट्रोल-डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोडऩे का सुनियोजित षड्यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। जनविरोधी नितियों के विरोध में निम्नलिखित मुद्दों पर तीन चरणों में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जा रहा है।

### मंदिर जा रहे बुजुर्ग किसान का दिनदहाड़े अपहरण

## हाईवे से कार सवार नकाबपोश उठा ले गए, परिजनों ने जताई रंजिश की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह दिनदहाड़े एक बुजुर्ग किसान के अपहरण की घटना सामने आई है। ग्राम ढाबला केलवाड़ी निवासी किसान प्रेमसिंह मेवाड़ा को कुछ नकाबपोश बदमाशों ने जबरन कार में बैठाकर भोपाल की ओर ले जाने का आरोप है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, प्रेमसिंह मेवाड़ा रोज की तरह सुबह करीब 9:10 बजे मंदिर जाने के लिए घर से निकले थे। घर से निकलने के कुछ ही मिनट बाद उन्होंने अपने बेटे जगदीश मेवाड़ा को फोन किया। फोन पर प्रेमसिंह ने घबराई आवाज में बताया कि बड़ी मेवाड़ा के घर के सामने कुछ लोग उन्हें जबरन कार में बैठाकर ले जा रहे हैं और वाहन भोपाल की ओर बढ़ रहा है। इसके तुरंत बाद फोन कट गया।

सूचना मिलते ही जगदीश मेवाड़ा अपने भाइयों गुलाब सिंह और विक्रम सिंह के साथ मौके की ओर पहुंचे। सीहोर-भोपाल हाईवे पर राजपूत ढाबे के पास उन्हें कुछ मजदूर मिले, जिन्होंने घटना को अपनी आंखों से देखने की बात कही।



#### जबरदस्ती वाहन में ले गए कार सवार

प्रत्यक्षदर्शियों में शामिल मजदूर राजेश बारेला और उनकी पत्नी ने बताया कि एक सफेद रंग की कार अचानक तेज रफ्तार में आकर रुकी थी। कार से उतरे नकाबपोश बदमाशों ने बुजुर्ग किसान को जबरदस्ती वाहन में खींच लिया। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाकर उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन आरोपी कार को तेजी से भगाकर भोपाल हाईवे की ओर फरार हो गए।

पीड़ित परिवार ने अपहरण के पीछे पुरानी रंजिश और जमीन विवाद का संदेह जताया है। परिवार की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत में कपिल शर्मा, देव नारायण उर्फ गुड्डा और मनीष परमार के नाम बताए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि जमीन के सौदे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था और इसी के चलते वारदात को अंजाम दिया गया।

#### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम हाईवे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही संदिग्ध सफेद कार और आरोपियों की पहचान के लिए मोबाइल लोकेशन व अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की जा रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चश्मदीदों के मुताबिक आरोपियों ने अपने चेहरे गमछे से ढके थे और वे सफेद रंग की कार में आए थे। फिलहाल वाहन का नंबर सामने नहीं आ सका है, लेकिन सभी पहलुओं पर जांच जारी है। पुलिस ने जिलेभर में नाकेबंदी कर संदिग्धों की तलाश तेज कर दी है।

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और किसान की सुरक्षित बरामदगी की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### पक्की सड़क बनते देखने के इंतजार में हो गई 11 किसानों की मौत

# 18 साल पहले स्वीकृत मुंगावली से शेखपुर तक की 4 किमी सड़क आज तक नहीं बनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मुंगावली से शेखपुर तक पक्की सड़क नहीं है। मनरेगा योजनांतर्गत सड़क स्वीकृत हो चुकी है। किसान 18 सालों से सड़क निर्माण की प्रतिक्षा कर रहे है। इस बीच 11 से अधिक किसानों की मौत भी हो चुकी है। सिस्टम की बेरूखी के कारण 4 किलोमीटर सड़क आज तक नही बनी है। बारिश आते ही कच्ची सड़क से जुड़े सौ से अधिक किसानों की मुसीबते शुरू हो जाती है। अतिक्रमणकारियों ने भी कच्ची सड़क के दोनों तरफ कब्जा कर लिया है। गांव के सौ किसान हैरान परेशान बने हुए है। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी केवल अबतक किसानों को आश्वासन हीं दिया है। जनसुनवाई में पहुंचकर किसानों ने बारिश से पहले सड़क बनवाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है।

**इंतजार में इन किसानों की हुई मौते :** मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे मुंगावली और



शेखपुर के किसानों ने कहा कि गांव में सड़क नहीं बनने देने को लेकर बीते 18 सालों से राजनीति की जा रही है। शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 50 एवं अन्य सर्वे नंबरों पर सड़क निर्माण की मांग उठाने वाले किसानों को अतिक्रमणकारी डरा धमका कर चुप करा देते है। पक्की सड़क के इंतजार में गांव के मनोहर पाटीदार, प्रेमनारायण सेन, राजू पाटीदार, चंदा बाई कुशवाहा, जियालाल कुशवाहा, लक्ष्मी नारायण पाटीदार, किशौरी लाल कुशवाहा, नंद किशौर कुशवाहा, नर्मदा प्रसाद पाटीदार, राधेश्याम कुशवाहा नन्नूलाल पाटीदार की मौत हो चुकी है।

**सड़क निर्माण पर लगवा दी थी रोकः** मनरेगा योजनांतर्गत वर्ष 2008 में मुगांवाली से शेखपुर से तक कुल चार किलोमीटर सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ था लेकिन कुछ किसानों ने अपनी जमीन सड़क से बचाने के लिए सड़क निर्माण पर रोक ही लगवा दी थी। इस बीच सड़क से जुढ़े खेत मालिक किसानों ने कई सरकारी दफतरों में आवेदन निवेदन किया तत्कालील सरपंच विधायक सांसद जहां तक की मंत्रियों तक के समक्ष भी मांग को रखा लेकिन सड़क नहीं बनाई गई। सरकार बदलने के बाद के जनप्रतिनिधियों को भी समस्या से अबतक कारया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जहां तक की अब मनरेगा योजना का नाम ही बदल गया है पर मुंगावली से शेखपुर तक की यह कच्ची सड़क अबतक नहीं बनाई जा सकी है। बारिश में होने वाली परेशानी व दिक्कतों के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान धमेंद्र पाटीदार,दुर्गा प्रसाद, कमल सिंह, सुरेंद्र सिंह, महेंद्र पाटीदार, चतरनाथ, रमेश्वर, मनोहर, मिथुन वर्मा, रामकिशन, राम सिंह, गोविंद, दामोदर, ऋषिराज, नरेंद्र सिंह, मनोज, राजेश कुमार, रमेशचंद,भैयालाल, राजू सतीष, नीरज,भैया लाल, रामचरण कोमल प्रसाद, सुरेश आदि किसानों ने कलेक्टर से मुगांवली से शेखपुर तक अतिक्रमण हटवाकर सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

# कॉन्ट्रैक्टर के घर से 7 लाख नकद और लाखों के जेवर ले गए थे चोर

### 15 दिन बाद भी 32लाख चोरी का सुराग नहीं मिला

**सीहोर।** अवधपुरी कॉलोनी में हुई 32 लाख रुपए की चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। वारदात को 15 दिन से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच पाई है। यह मामला इसलिए भी चर्चाओं में है, क्योंकि जिस मकान में चोरी हुई, उसके तीनों ओर पुलिसकर्मियों के आवास हैं। पुलिस की मौजूदगी के बावजूद चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, कॉन्ट्रैक्टर दीपक जाधव का परिवार 24 जून को महाराष्ट्र गया हुआ था। 27 जून को जब परिवार वापस लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी से नकदी व जेवर गायब थे। चोर घर से करीब 7 लाख रुपए नकद और भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी हुए सामान में करीब 10 लाख रुपए का रानी हार, मंगलसूत्र, सोने की कटोरी, 20 सोने के मोती और चांदी के सिक्के शामिल बताए गए हैं।

**एफएसएल जांच के बाद भी नहीं मिला सुराग :** वारदात के बाद एफएसएल टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए थे। थाना प्रभारी रविंद्र यादव ने जल्द खुलासे का दावा



भी किया था, लेकिन दो सप्ताह से अधिक समय गुजरने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कॉलोनी और आसपास लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। कई संदिग्धों से पूछताछ भी की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस सफलता नहीं मिल सकी है। लाखों रुपए की नकदी और जेवर गंवा चुका जाधव परिवार लगातार थाने के चक्कर काट रहा है। परिवार का कहना है कि उन्हें अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। पुलिस का कहना है कि जांच टीमें लगातार काम कर रही हैं, लेकिन 32 लाख की इस बड़ी चोरी का खुलासा नहीं होने से पुलिस प्रशासन की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### जंगल में महिला का शव मिलने से फैली सनसनी

**चापडा।** कमलापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेड़ा खाल के जंगल में एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत महिला की पहचान जया पति मास्टर बारेला निवासी जामनझीरी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला दो-तीन दिन पहले बिना बताए घर से कहीं चली गई थी।जानकारी के मुताबिक महिला के तीन बेटे हैं, जबकि पति-पत्नी गांव में अकेले रहते थे। जंगल में महिला का शव पड़े होने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी कमलापुर थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

### अभियान के तहत तालाब से निकाली गाद

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह मार्गदर्शन में देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाकर जल संकट के समाधान और भू-जल स्तर को सुधारने के उद्देश्य से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत सोनकच्छ की ग्राम पंचायत खेरियाजागीर तालाब से मिट्टी निकालने का कार्य किया जा रहा है। तालाब गहरीकरण से जल संग्रहण क्षमता बढ़ेगी और भविष्य में जल संकट से निपटा जा सके।

## एसपी गेहलोद की अध्यक्षता में अप्रैल माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

# कन्नौद थाना और अनुभाग अव्वल, यातायात टीआई को मिला सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी सम्मान

### थानों पर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई करने एसपी ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला पुलिस कंट्रोल रूम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद की अध्यक्षता में अप्रैल माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, सौम्या जैन, समस्त एसडीओपी, थाना एवं चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। साथ ही थानों पर लगाए गए QR कोड के अधिक उपयोग, चोरी की वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण, रात्रि गश्त एवं नाकाबंदी मजबूत करने पर जोर दिया गया। उन्होंने एफआईआर से विवेचना, चालान, ट्रायल एवं समंस-वारंट तामिली तक तकनीक के अधिकतम उपयोग के निर्देश दिए ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। जुआ, सट्टा, शराब और अन्य अवैध गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने एवं पुलिस मुखबिर तंत्र को मजबूत करने पर भी बल दिया गया। बैठक में "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" के तहत अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने, "ऑपरेशन साइबर" के अंतर्गत डायल-1930 के प्रचार-प्रसार तथा आगामी त्योहारों को देखते हुए "ऑपरेशन पवित्र" के तहत अधिक बॉण्डओवर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

#### अप्रैल माह की थाना रैंकिंग

25 पैरामीटर के आधार पर जारी रैंकिंग में थाना कन्नौद प्रथम स्थान पर रहा। इसके बाद टोंकखुर्द, उदयनगर, खातेगांव और औद्योगिक क्षेत्र को स्थान मिला। वहीं कांटाफोड़ थाना रैंकिंग में अंतिम स्थान पर रहा।

#### अनुभागवार रैंकिंग

अनुभागवार रैंकिंग में कन्नौद अनुभाग प्रथम, बागली द्वितीय तथा सोनकच्छ तृतीय स्थान पर रहा। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी तहजीब काजी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आदित्य तिवारी को सम्मानित किया गया।

#### निरीक्षक बागड़ी बने सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी

माह अप्रैल 2026 के "सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी" पुरस्कार से यातायात थाना प्रभारी पवन बागड़ी को सम्मानित किया गया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग, e-DAR पोर्टल पर समय पर जानकारी अपलोड करने, प्रधानमंत्री राहत योजना के तहत घायलों का कैशलेस उपचार करवाने



एवं राह-वीर योजना के बेहतर क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य किया। उनके प्रयासों से वर्ष 2026 के पहले चार माह में जिले में सड़क दुर्घटनाओं में 18 प्रतिशत तथा मृत्यु दर में 25 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। बैठक के अंत में पुलिस अधीक्षक ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक की मौत

**दो घायल, पुलिस जांच में जुटी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के माता टेकरी सीढ़ी मार्ग के समीप मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सडक़ हादसे में ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि उसमें सवार दो युवतियां घायल हो गईं। हादसे का सीसीटीवी फुटेज बुधवार को सामने आया, जिसमें तेज रफ्तार कार द्वारा ई-रिक्शा को पीछे से जोरदार टक्कर मारते हुए देखा जा सकता है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट तक सडक़ पर घिसटता चला गया। जानकारी अनुसार महाकाल कॉलोनी निवासी निखिल पिता नंदकिशोर लोधी मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे अपना ई-रिक्शा लेकर माता टेकरी सीढ़ी मार्ग की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक कार ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय ई-रिक्शा में दो युवतियां भी सवार थीं, जिन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायल चालक निखिल को ई-रिक्शा से बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर पुनः जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में निखिल का पोस्टमार्टम किया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। फुटेज में हादसा स्पष्ट दिखाई देने के बाद पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर निगम अलर्ट, आयुक्त ने वार्डों में पड़े सीएनडी वेस्ट को हटाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के उद्देश्य से नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में आयुक्त दलीप कुमार ने स्वच्छता अमले के कार्यों की वार्डवार और झोनवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।बैठक में उपायुक्त, उपयंत्री, स्वच्छता निरीक्षक एवं दरोगाओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही सर्वेक्षण मानकों के अनुसार शेष बचे कार्यों की रिपोर्ट भी आयुक्त के समक्ष रखी गई। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी वार्डों में नालों और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वार्डों में पड़े सीएनडी वेस्ट को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। बैकलेन एवं सार्वजनिक मूत्रालयों की प्रतिदिन सफाई कर उनकी दीवारों पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन लिखवाने के लिए भी कहा गया।बैठक में शहर में उगी गाजर घास हटाने, उद्यानों में पौधों की छंटाई करने और कम्पोस्ट पीट का उपयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। साथ ही पेड़-पौधों से निकलने वाले कचरे के उचित निपटान के निर्देश दिए गए।कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शेष कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने आगामी साप्ताहिक बैठक में वार्डवार पूर्ण कराए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह भी आयुक्त द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए थे, जिनकी समीक्षा मंगलवार को आयोजित बैठक में की गई।

# समर कैंप प्रारंभः विद्यार्थी सीख रहे विभिन्न कला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सांदीपनी विद्यालय सीएम राइस बागली में समर कैंप का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ विद्यालय की प्राचार्य प्रकाश डाबी द्वारा किया गया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कलाओं और गतिविधियों में निपुण बनने की प्रेरणा दी।

समर कैंप में विद्यार्थियों को इंग्लिश स्पोकन, चित्रकला, क्रिकेट, योग, नृत्य, पारंपरिक खेल, संगीत, कैरम, कबड्डी, बैडमिंटन, चेस, प्राणायाम, डांस और फुटबॉल जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्र प्रशिक्षक राहुल कोरी और तुलसी परमार के मार्गदर्शन में विभिन्न विधाएं सीख रहे हैं।कैंप को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र अपने अनुभव लिखकर साझा कर रहे हैं। साथ ही जल संवर्धन और विद्यालय से जुड़े विषयों पर चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग ले रहे हैं।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक एवं संकुल प्राचार्य महेश गोस्वामी, पूर्व प्राचार्य वासुदेव जोशी, प्राचार्य प्रकाश डाबी, खेल शिक्षक राहुल कोरी, संगीत शिक्षक तुलसी परमार, गतिविधि प्रभारी मनोज प्रजापति, ललित खराड़िया, राजेंद्र राठौड़ सहित एमपी कॉम का स्टाफ उपस्थित रहा।समर कैंप में जागृति ठाकुर, अनुष्का भोसले, आरवी शर्मा, निकुंज, स्पर्श, विनीत, आयांश, पीयूष, रुद्रा, श्रेय, जिव्यांश, यशराज, वंश, ध्रुव, गुनगुन, विनायक और रूपांश सहित अनेक विद्यार्थी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।कार्यक्रम का समापन 15 मई को विभिन्न गतिविधियों के प्रदर्शन, पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र वितरण के साथ किया जाएगा।

# नेवरी फाटे पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



मंगलवार को नेवरी फाटा क्रॉसिंग पर भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष टिकेंद्र प्रताप सिंह के स्वागत एवं पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। देवास जिला भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण करने जाते समय कार्यकर्ताओं ने उनका जगह-जगह स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, मंडल महामंत्री मुकेश कुमावत, विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, मंडल उपाध्यक्ष देवी सिंह मगरिया, हिम्मत ठाकुर, अश्विन जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, यशवंत सिंह राजपूत, भीम यादव, लक्ष्मण सिंह गुर्जर, राहुल धाकड़, बबलू ठाकुर, जितेंद्र सेंधव, रामचरण धाकड़, कन्या लाला यादव, उकार सिंह यादव, कैलाश यादव, नरेंद्र यादव, पप्पी यादव, नीरमल गुर्जर, प्रकाश बडवाया, भीम सिंह आचार्य एवं कृपाल सिंह बेस सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र को लेकर जिला अस्पताल में भाजपा नेता और डॉक्टरों के बीच हुई तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल में मंगलवार को दिव्यांगता प्रमाण पत्र के नवीनीकरण को लेकर जमकर विवाद की स्थिति बन गई। एक दिव्यांग बालिका के परिजनों को प्रमाण पत्र नवीनीकरण में परेशानी आने पर भाजपा नेता राजेश यादव अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों और उनके बीच तीखी बहस हो गई।

जानकारी अनुसार रेवाबाग निवासी राजेश भीमोदिया अपनी बेटी सलोनी भीमोदिया को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। सलोनी की दाहिनी आंख क्षतिग्रस्त है और उसके पास पूर्व से जारी 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाण पत्र मौजूद था, जिसका नवीनीकरण कराया जाना था। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल टीम ने उन्हें यह कहते हुए इंदौर रेफर कर दिया कि यहां नया प्रमाण पत्र जारी नहीं हो सकेगा।

परिवार ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने का हवाला देते हुए पुराने प्रमाण पत्र के आधार पर ही नवीनीकरण करने की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर भाजपा नेता राजेश यादव जिला अस्पताल पहुंचे और अधिकारियों व डॉक्टरों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जब पूर्व में इसी जिला अस्पताल से प्रमाण पत्र जारी हुआ था और उस पर डॉक्टरों के हस्ताक्षर भी हैं, तो अब उसे मानने से इनकार करना उचित नहीं है। इसी बात को लेकर डॉक्टर और भाजपा नेता के बीच तीखी बहस हो गई। विवाद बढ़ने के बाद डॉक्टरों की टीम ने बालिका की दोबारा जांच की। जांच उपरांत दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

## कुसमानिया में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह में मंत्री कुशवाह ने शुभकामनाएं दी

# 51 जनजाति, 33 वैदिक परंपरा और 16 निकाह का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कुसमानिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में 51 जनजाति कन्याओं का विवाह जनजाति परंपरा से संपन्न हुआ, 33 जोड़ो का विवाह वैदिक परंपरा से संपन्न हुआ एवं 16 मुस्लिम कन्याओं का निकाह संपन्न कराया गया। मंत्री नारायण सिंह एवं खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कन्याओं को 49 हजार रूपये राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर उन्होंने विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीसी के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री मंत्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती है।

उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री श्री कुशवाह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं सभी नवविवाहित जोड़ों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत कन्नौद अध्यक्ष सावित्री रेवाराम सारण, जिला पंचायत सदस्य संतोष काकोड़िया, जनपद पंचायत सदस्य, हुकम पटेल, मोहन पटेल, महेश परमार, संतोष काकोड़िया,सुनील कर्मा, राजेश चौहान, पिंकी बारेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी कन्हैयालाल तिलवारी, उपसंचालक सामाजिक न्याय संगीता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद दीपक मुजाल्दे उपस्थित थे।

# सेन थॉम एकेडमी का सीबीएसई 12वीं में शानदार प्रदर्शन, देवांशी ने किया टॉप




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड ने इस वर्ष आयोजित सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय के सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था का गौरव बढ़ाया।विद्यालय की छात्रा देवांशी मेहता ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। तनिष अग्रवाल ने 93.6 प्रतिशत, प्रतिभा नागर ने 92 प्रतिशत, महक गुप्ता ने 91.4 प्रतिशत, भूमिक बंसल ने 90.6 प्रतिशत तथा निकिता पवार एवं अनन्या बाजपेयी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।विशेष उपलब्धि के रूप में नशरा सिद्दीकी ने वेब एप्लिकेशन विषय में शत-प्रतिशत 100 अंक अर्जित किए।विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी अत्यंत सराहनीय रहा। 22 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक, 32 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 42 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन व समस्त स्टाफ ने सभी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सफलता पर बधाई दी।

**खबर संक्षेप**



## मंदिर पर जड़ा ताला, करोड़ों के गबन का आरोप

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट क्षेत्र के ग्राम कन्धारीकलां में स्थित प्राचीन सार्वजनिक मंदिर को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया है कि कुछ दबंगों ने मंदिर पर अवैध कब्जा कर ताला जड़ दिया है, जिससे ग्रामीणों का पूजा-पाठ और दर्शन करना बंद हो गया है। साथ ही मंदिर की करीब 45 एकड़ कृषि भूमि से होने वाली आय के गबन का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार गांव में स्थित भगवान श्रीराम ललाजी एवं श्रीलक्ष्मणजी का यह प्राचीन सार्वजनिक मंदिर वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केन्द्र रहा है। आरोप है कि गांव के ही राघवेन्द्र सिंह एवं रविन्द्र सिंह पुत्रगण अनंत सिंह ठाकुर ने मंदिर पर जबरन ताला डाल दिया है और ग्रामीणों को मंदिर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है। इतना ही नहीं, मंदिर में सेवा कर रहे पुजारी को भी वहां से भगा दिया गया, जिसके चलते भगवान की नियमित पूजा-अर्चना, भोग और आरती बंद पड़ी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मंदिर के नाम पर खाता संख्या 00373 एवं 374 में कुल 18.248 हेक्टेयर (करीब 45 एकड़) कृषि भूमि दर्ज है। आरोप है कि पिछले करीब 15 वर्षों से उक्त भूमि को ठेके पर देकर उससे होने वाली आय का निजी लाभ उठाया जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि इस अवधि में करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपये की आय हुई, जिसका कोई सार्वजनिक हिसाब नहीं दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मंदिर के संचालन के लिए वर्ष 2011 में एक सार्वजनिक ट्रस्ट का गठन किया गया था, लेकिन ट्रस्ट की संपत्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। विरोध करने पर ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसाने और जानमाल की धमकी देने के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मंदिर का ताला तत्काल खुलवाया जाए, पिछले 15 वर्षों की आय का ऑडिट कराया जाए तथा मंदिर की भूमि को प्रशासनिक संरक्षण में लेकर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाए। शिकायती पत्र पर ग्राम प्रधान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान मौजूद हैं। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान कंधारीकलां राजकुमार, सूरज, चंदेल ग्रामीण मौजूद रहे।

## अपहरण मामले में समझौते का दबाव

**ललितपुर।** नाबालिग पुत्री के अपहरण मामले में समझौता न करने पर पीड़ित पिता को धमकाने, घर में घुसकर रुपये मांगने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। थाना जखौरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना जखौरा अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री का 11 अप्रैल 2026 को अपहरण कर लिया गया था, जिसके संबंध में थाना जखौरा में पहले से मुकदमा दर्ज है। उन्होंने स्वयं प्रयास कर अपनी पुत्री को सागर से बरामद कर पुलिस के सुपुर्द किया था। आरोप है कि इसी मामले में समझौता कराने का दबाव बनाया जा रहा था। 28 अप्रैल 2026 को दोपहर करीब 12 बजे आरोपी आनंद प्रजापति, लीलाधर दुबे उर्फ कुल्लू दुबे और डग्गीराजा पीड़ित के घर में घुस आए। आरोपियों ने कहा कि इस मामले में उनका पुलिस में 50 हजार रुपये खर्च हुआ है और यदि रकम देकर राजीनामा नहीं किया गया तो गांव में नहीं रहने दिया जाएगा। साथ ही पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी प्रभावशाली और राजनीतिक रसूख रखने वाले हैं, जिसके चलते कार्रवाई में देरी हुई। थाना जखौरा पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय जिला महिला चिकित्सालय का मामला

# गर्भवती को प्राइवेट अस्पताल भेजने का आरोप, डॉक्टर समेत 8 को नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से जुड़े जिला महिला चिकित्सालय में प्रसव के लिए आई गर्भवती महिला को कथित तौर पर निजी अस्पताल भेजने का दबाव बनाने का मामला सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

मामला जिलाधिकारी के संज्ञान में आने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) ने सख्त रुख अपनाते हुए डॉक्टर समेत 8 स्वास्थ्यकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। तालबेहट तहसील के ग्राम गदयाना निवासी मलखान सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह 3 मई 2026 की रात अपनी नौ माह की गर्भवती बहू जयंती को प्रसव के लिए जिला महिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद ड्यूटी स्टाफ ने मरीज को भर्ती करने में आनाकानी की और यह कहकर टालने का प्रयास किया कि अस्पताल में ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अस्पताल के कुछ कर्मचारियों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने का दबाव बनाया और कहा कि वहीं ऑपरेशन कराया जाए। पीड़ित परिवार ने आर्थिक स्थिति कमजोर होने का हवाला देते हुए सरकारी अस्पताल में ही उपचार की मांग की, लेकिन कथित तौर पर उनकी बात नहीं सुनी गई। बाद में अस्पताल के वरिष्ठ स्टाफ के हस्तक्षेप के बाद गर्भवती महिला का जिला महिला चिकित्सालय में ही सफल ऑपरेशन कराया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने प्राथमिक जांच के बाद 8 स्वास्थ्यकर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वालों में डा.साजिया परवीन (सहायक आचार्य), टेरेसा (नर्सिंग ऑफिसर), मंजू (नर्सिंग ऑफिसर), उर्मिला (नर्सिंग ऑफिसर), श्वेता (नर्सिंग ऑफिसर), रवि (वार्डबॉय), मुन्नी (वार्ड आया) और गीता (स्वीपर) शामिल हैं।

सीएमएस ने सभी संबंधित कर्मचारियों को दो कार्य दिवस के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्पष्ट किया गया है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला, तो संबंधितों के खिलाफ विभागीय स्तर पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। मामले के सामने आने के बाद सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। अब पूरे मामले पर प्रशासन की नजर बनी हुई।

## मेडीकल कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) में अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग स्टाफ द्वारा किया गया, जिसमें चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नर्सिंग पेशे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत आधारशिला है, जो मरीजों की देखभाल, उपचार और सेवा में अहम भूमिका निभाता है। मरीजों के प्रति सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता ही नर्सिंग पेशे की पहचान है। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों ने आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी बहनों की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने सेवा, समर्पण और मानवता के मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त करते



हुए नर्सिंग स्टाफ के कार्यों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने में प्रभारी मैट्रन शर्मिला, सीनियर सिस्टर इंचार्ज प्रभा, नर्सिंग ऑफिसर वायला, पूजा, वर्षा, पूनम, पवन, अर्पण एवं अरुण पांडेय की विशेष भूमिका रही। अध्यक्षता प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने की। इस दौरान उप प्राचार्य डा.श्रुति, सीएमएस डा.गजेंद्र, डा.पवन सूद, डा. एम.सी. गुप्ता, डा.डी.वी. सिंह, डा. आकृति, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. सौरभ साहू, डा. प्रतीक, डा. विशाल सहित महाविद्यालय के अनेक चिकित्सक उपस्थित रहे। अंत में सभी ने मरीजों की सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

### जातिगत उत्पीड़न का आरोप

# शिकायत पर डीजीएमई से 15 दिन में रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर एक बार फिर गंभीर विवादों के केन्द्र में आ गया है। मेडिकल कॉलेज में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. घनश्याम अहिरवार ने कार्यस्थल पर जातिगत भेदभाव, मानसिक उत्पीडऩ और प्रशासनिक प्रताडऩा के आरोप लगाते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। मामले को गंभीर मानते हुए आयोग ने संज्ञान लिया है और महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ से 15 दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। शिकायतकर्ता डा. घनश्याम अहिरवार, जो मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग में तैनात हैं, ने अपने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उनकी नियुक्ति के बाद से विभागाध्यक्ष द्वारा लगातार जातिगत पूर्वाग्रह के चलते मानसिक, व्यावसायिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षण कार्य में लगातार बाधाएं उत्पन्न की गईं, विभागीय जिम्मेदारियों से अलग किया गया, चिकित्सा अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया और वार्षिक गोपनीय आख्या सहित कई प्रशासनिक मामलों में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि अन्य कर्मचारियों को मिलने वाली प्रशासनिक सुविधाएं उन्हें समान रूप से उपलब्ध नहीं कराई गईं, जिससे उनके कार्य करने का माहौल प्रभावित हुआ। डा.अहिरवार का कहना है कि छात्रों के बीच भी उनकी जाति को लेकर



अपमानजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे उनकी पेशेवर गरिमा प्रभावित हुई। आयोग ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए मामले की जांच शुरू की है। आयोग द्वारा भेजे गए नोटिस के बाद महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण ने मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. मयंक शुक्ला को पत्र भेजकर पूरे प्रकरण की तथ्यात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सा एवं प्रशासनिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। वहीं यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि मामला पहले से कॉलेज प्रशासन के संज्ञान में था तो शिकायतकर्ता को आयोग तक जाने की नौबत क्यों आई। फिलहाल कॉलेज प्रशासन या संबंधित अधिकारियों की ओर से प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। यदि निर्धारित समय में जवाब नहीं दिया गया तो आयोग दीवानी न्यायालय जैसी शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।

### अधिकारियों ने संप्रेक्षण व बाल गृह का निरीक्षण किया

# बच्चों को शिक्षा, चिकित्सा, खेल, व्यायाम सहित कौशल प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव एवं जिला बाल कल्याण समिति ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) नेहरूनगर एवं राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनो संस्थाओं में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं-चिकित्सा, शिक्षा, खानपान, खेल, व्यायाम आदि के बारे में जानकारी ली गई तथा उनके कक्षों सहित रसाई व शौचालय आदि को देखा।

उन्होंने निर्देश दिये कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए, साथ ही समय-समय पर बाल संरक्षण समिति द्वारा निरीक्षण किया




जाए ताकि बच्चों को कोई समस्या न हो। साथ ही इन्हें योग एवं व्यायाम कराया जाए ताकि ये स्वस्थ रहें। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को हुनरमंद बनाने हेतु कौशल विकास के तहत प्रशिक्षण दिलाये जाने के निर्देश दिये। इसके अलावा संस्थाओं में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे सुचारु रखें। संस्थाओं में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गईं। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्यगणों में अजय बरया, सर्वदेव तिवारी, डॉ संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### मोहल्ला पिसनारी वार्ड नंबर 13 में शुभारंभ किया गया

# नए चैन स्केलेटर वाहन से होगी नालियों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहरवासियों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाने एवं नालों-नालियों की प्रभावी सफाई के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद, ललितपुर द्वारा विशेष पहल करते हुए एक नये चैन स्केलेटर वाहन का मोहल्ला पिसनारी वार्ड नंबर 13 में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन अभिलाषा, अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नलाल जैन, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गिरधारी कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, पार्षद प्रतिनिधि करन कुशवाहा द्वारा विधि-विधान के साथ वाहन का पूजन-अर्चन किया गया, तत्पश्चात फीता काटकर वाहन को रवाना किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि इस चैन स्केलेटर से बरसात से पूर्व शहर के सभी प्रमुख नालों-नालियों की समयबद्ध सफाई करायी जाएगी, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू बनी रहे और नागरिकों को किसी



प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व बरसात के समय में नालों-नालियों की सफाई एवं सिल्ट सफाई का कार्य पालिका के कर्मचारियों द्वारा किया जाता था,। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि चैन स्केलेटर वाहन नालों में जमी सिल्ट, कचरा एवं गाद को तेजी से निकालने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा, इससे सफाई कार्य में गति आएगी तथा शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाने में मदद मिलेगी। अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू आदि मौजूद रहे।

### वनीकरण से संबंधित बैठक की

# सभी विभागों को इस वर्ष पौधरोपण के टारगेट दिए




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पौधरोपण समिति एवं जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया क प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग,नवीन प्रकाश शाक्य द्वारा बैठक का शुभारंभ करते हुए समिति को अवगत कराया कि वर्ष 2026 में कराये जाने वाले पौधरोपण हेतु समस्त विभागों को स्थल चयन के निर्देश दिए गए थे जिसके अनुपालन में विभागों द्वारा सूचना प्रेषित कर दी है एवं जिन विभागों ने सूचना प्रेषित नहीं की है। अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया कि जिन विभागों ने सूचना प्रेषित नहीं की है वह तीन कार्य दिवस के अन्दर सूचना प्रेषित करना सुनिश्चित करें क बैठक में वृक्षारोपण हेतु कार्य योजना एवं गड्ढा खुदान हेतु निर्देशित किया गया कि शीघ्र समस्त विभाग गड्ढा खुदान का कार्य शुरू कर दे एवं तीन दिन के अन्दर कार योजना प्रभागीय निदेशक कार्यालय को प्रेषित कर दें। बैठक में प्रभागीय निदेशक, द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशिष्ट वनों की स्थापना की जाएगी क विशिष्ट वनों में महर्षि चरक वन, सामाजिक समरता वन, वन्दे मातरम वाटिका, समृद्धि वन, मातृ वन, स्मृति वाटिका, खाद्य वन, शक्ति वन, त्रिवेणी वन, मित्र वन, ओक्सी वन की स्थापना वन विभाग की विभिन्न रेंज के अंतर्गत किया जाना है। बैठक में ठोस अपशिस्ट, प्लास्टिक अपशिस्ट, कंस्ट्रक्शन एवं डीमोलिशन अपशिस्ट, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, एवं ई-वेस्ट के प्रबंधन एवं निस्तारण की समीक्षा हुयी एवं निर्देशित किया गया कि समस्त 26 वार्डों से कचरे का प्रबंधन का नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री शेषनाथ चौहान, उपायुक्त मनरेगा, रमेश यादव, जिलापंचायत राज अधिकारी, कुंवर सिंह यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक, ओमप्रकाश, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड भूपेश सुहेरा, कृषि उप निदेशक, यश राज सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार भारती, उद्यान अधिकारी राजेंद्र कुमार, स्वास्थ्य विभाग से डॉ राजेश भारती एवं अन्य विभागों से सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग तेज, रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में रेल यात्रियों, छात्रों, श्रमिकों और व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने रेलवे प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव एवं मेमो ट्रेन के समय में बदलाव की मांग उठाई है। महाप्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे झांसी मंडल को भेजे गए ज्ञापन में ने कहा कि ललितपुर जनपद से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र, नौकरीपेशा लोग, व्यापारी और श्रमिक झांसी सहित अन्य शहरों की यात्रा करते हैं। इसके अलावा मुंबई एवं महाराष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार और व्यापार के लिए भी बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं, लेकिन ललितपुर रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव न होने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने ट्रेन संख्या 15066 पनवेल एक्सप्रेस, 11079 मुंबई एलटीटी एक्सप्रेस और 12173 उद्योग नगरी एक्सप्रेस का ललितपुर स्टेशन पर ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके साथ ही खजुराहो-झांसी मेमो ट्रेन (64609/64509) के समय में बदलाव की मांग भी की गई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय सारिणी के अनुसार ट्रेन ललितपुर से सुबह 7.20 बजे रवाना होकर झांसी 10.45 बजे पहुंचती है, जो छात्रों और नौकरीपेशा लोगों के लिए उपयुक्त नहीं है।

# घर डाउनलोड कर सकेंगे खतौनी की प्रमाणित प्रतिः डीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि वर्तमान में ई-गवर्नेस एवं डिजिटल इंडिया की संकल्पना के अनुरूप खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने की प्रकिया को पूर्णतः आनलाइन कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत आवेदक द्वारा आनलाइन माध्यम से शुल्क का भुगतान कर किसी भी समय व स्थान पर खतौनी की प्रमाणित प्रति डाउनलोड की जा सकती है। इस सम्बंध में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि कम्प्यूटरीकृत खतौनी की प्रमाणित प्रति आनलाइन माध्यम से प्रदान किये जाने के फलस्वरूप आम जनमानस को ई-गवर्नेश का लाभ प्राप्त हो सकेगा तथा हितबद्ध भूमिधारक को तहसील कम्प्यूटर केन्द्र अथवा कामन सर्विस सेन्टर पर जाने की जरूरत नहीं रह जायेगी और उसे किसी भी स्थान व समय पर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु निर्बाध रूप से 24x7 सेवा उपलब्ध हो जायेगी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि खतौनी की नकल प्राप्त करने हेतु भूमिधरों को अपना दैनिक कार्य छोड़ कर तहसील व जनसेवा केन्द्रों पर जाना पड़ता है, जिससे उनके समय, श्रम एवं संसाधन का अपव्यय होता है। खतौनी की प्रमाणित प्रति आनलाइन माध्यम से प्रदान किये जाने की व्यवस्था क्रियाशील होने के उपरान्त भूमिधर घर बैठे ही निर्धारित शुल्क का आनलाइन भुगतान कर खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकते हैं, इससे तहसील के जनदबाव में कमी आयेगी, भूमिधरों के समय, श्रम व संसाधन की बचत होगी।

उन्होंने बताया कि खतौनी को आनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराये जाने हेतु राजस्व परिषद द्वारा संचालित भू-लेख पोर्टल पर खतौनी को पूर्णतः आनलाइन/रियल टाइम किया जा चुका है तथा आम जनमानस की सुविधा हेतु तहसील के कम्प्यूटर केन्द्र एवं जनसेवा केन्द्रों के माध्यम से खतौनी की प्रति उपलब्ध करायी जा रही है। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि भूमिधर/आवेदकों को खतौनी की आनलाइन प्रमाणित प्रति प्राप्त करने के लिए सर्व प्रथम आवेदक राजस्व विभाग के आधिकारिक वेबसाइट लॉग-इन करना होगा, मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध खतौनी की नकल टैब पर क्लिक करना होगा, जनपद/ तहसील/ ग्राम का क्रमशः चयन करके सम्बन्धित गाटा संख्या का चयन कर आवश्यक खतौनी का विवरण दिखेगा। आवेदक के समक्ष खतौनी की प्रमाणित प्रति प्राप्त किये जाने हेतु आनलाइन माध्यम से भुगतान किये जाने हेतु क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/ यूपीआई/क्यूआर कोड स्कैन आदि के विकल्प उपलब्ध होंगे। किसी भी माध्यम का चयन करते हुए आवेदक द्वारा 15 रुपए का आनलाइन भुगतान कर आवेदक किसी गाटे की खतौनी की प्रमाणित प्रति डाउनलोड कर सकेगा।

### माहवारी स्वच्छता दिवस पर किशोरियों को जागरुक किया गया

# समस्याओं व जिज्ञासाओं को समझते स्वास्थ्य परामर्श दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत विहान बालिका आवासीय विद्यालय, निर्माण श्रमिक में माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक बनाना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना रहा। आरकेएसके टीम से डा.राजेन्द्र मिश्रा एवं डा.रश्मि श्रीवास्तव ने छात्राओं को माहवारी के दौरान अपनाई जाने वाली स्वच्छता, संतुलित आहार, स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों एवं आवश्यक देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डा.रश्मि श्रीवास्तव ने छात्राओं को माहवारी से जुड़ी हर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और उनकी



व्यक्तिगत समस्याओं एवं जिज्ञासाओं को समझते हुए उचित स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया। इस दौरान छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने, संक्रमण से बचाव और मानसिक रूप से सकारात्मक रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग और सुरक्षित निस्तारण की भी जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों और शिक्षिकाओं ने छात्राओं के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें स्वस्थ और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान विद्यालय की वॉर्डन सावित्री, हिंदी शिक्षिका अंकिता सिंह, गणित शिक्षिका आकांक्षा पांडेय, विज्ञान शिक्षिका जाग्रति चतुर्वेदी, शारीरिक शिक्षिका प्रियंका नामदेव, कम्प्यूटर शिक्षिका अभिलाषा यादव एवं लेखाकार नेहा कुशवाहा सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

सुठालिया में महज 18 से 25 किलोमीटर की दूरी पर नहीं थम रहा है रेत का कारोबार, प्रशासन ने साधी चुप्पी

# सुठालिया तहसील बना अवैध रेत माफिया का गढ़ पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन की आई 'बाढ़'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले में अवैध रेत उत्खनन का कारोबार अब थमता नजर नहीं आ रहा है। विशेष रूप से सुठालिया तहसील के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव सेकनपुर, कानरखेड़ी, सेमलापार, लसूलडिया घाटा रेत माफियाओं के सुरक्षित 'अड्डे' बन चुके हैं।

हैरानी की बात यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे दिन-रात मशीनों से धरती का सीना छलनी किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद में सोए हुए हैं।





**इन क्षेत्रों में माफिया का कब्जा**

सुठालिया तहसील मुख्यालय से महज 18 से 25 किलोमीटर की परिधि में आने वाले ग्रामीण अंचलों में माफियाओं ने अपना जाल बिछा रखा है। मुख्य रूप से इन स्थानों पर अवैध कारोबार चरम पर है। सेकनपुर, कानरखेड़ी, पाटलिया घाट, सेमलापार, लसूलडिया घाट।

### खनिज विभाग की लापरवाही पर उठ रहे गंभीर सवाल

क्षेत्रीय जनता और सूत्रों का आरोप है कि खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने जैसे जनता की शिकायतों को अनसुना करने की कसम खा ली है। ग्रामीणों का कहना है कि सूचना देने के लिए फोन लगाने पर भी अधिकारी फोन उठाना मुनासिब नहीं समझते। ऐसा लगता है कि विभाग की इस अनदेखी के कारण शासन के राजस्व को खुलेआम चूना लगाया जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे रेत का काला खेल सुठालिया में बेखौफ माफियाओं का राज चल रहा।

### तहसीलदार की उदासीनता, आखिर क्यों नहीं होती कार्रवाई..?'

दूरी कम होने के बावजूद तहसीलदार महोदय के पास इन खदानों का निरीक्षण करने का समय नहीं है। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को राजस्व हानि से कोई फर्क नहीं पड़ता? आखिर क्या कारण है कि माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं है?

**बड़े सवाल**

- क्या जिले के कलेक्टर इस पूरे खेल से वाकई अनजान हैं या उन्हें अंधेरे में रखा जा रहा है?
- सुठालिया की ये रेत खदानें आखिर क्यों माफियाओं का चारागाह बन गई हैं?
- शिकायतों के बाद भी खनिज विभाग और राजस्व टीम संयुक्त कार्रवाई से क्यों बच रही है?

### पिछले वर्ष हुआ था अवैध खनन को लेकर दो गुटों में खूनी संघर्ष

पिछले वर्ष कानरखेडी सेमलापार में अवैध रेत को लेकर रात के अंधेरे दो गुटों में खूनी संघर्ष हुआ था! जिसमें दोनों गुटों से लगभग आठ दस लोग बुरी तरह घायल हुए थे जिसमें दोनों तरफ के लोगों पर एफआईआर दर्ज भी हुई थी लेकिन फिर भी इस घटना से न रेत माफियाओं को सबक मिला न ही प्रशासन के अधिकारी सतर्क हुए !

**इनका कहना हैं**

मैं अपनी तरफ से टीम भेजता हूं एक दो दिन में कार्यवाही करवाते हैं। बाकी टीम अपने स्तर से खदानों पर रेकी करेगी।
**-गोविंद कुमार दुबे, एस.डी.एम ब्यावरा**

-आपके द्वारा मालूम हुआ कि कानरखेड़ी पर भी पोकनेल चल रही हैं। सेकनपुर खदान पर हमारे कार्यपालक तहसीलदार द्वारा दबिश दी गई थी परंतु उस दिन वहां कुछ मिला नहीं। अब हम खनिज विभाग को सूचना देकर चारों खदानों पर दबिश देने की तैयारी मैं है।
**-रामनिवास धाकड़, तहसीलदार सुठालिया**

## तालाब में अवैध खनन से बने गड्ढे में डूबने से नाबालिग की मौत, गांव में शोक लहर

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम निहाल में मंगलवार को तालाब में डूबने से नाबालिग बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम निहाल निवासी निलेश पिता राजेश अहिरवार 10 वर्ष गांव के तालाब के पास गया था, जहां पानी से भरे गहरे गड्ढे में डूबने से उसकी जान चली गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन तत्काल बच्चे को लेकर सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया। ग्रामीणों के अनुसार जिस तालाब में हादसा हुआ, वहां पूर्व में अवैध खनन किए जाने से बड़े-बड़े गहरे गड्ढे बन



गए थे। गर्मी के मौसम में अधिकांश तालाब और कुएं सूख चुके हैं, लेकिन इस तालाब में पानी भरा होने का कारण कुंडालिया परियोजना की पाइप लाइन फूटना बताया जा रहा है। पाइप लाइन से लगातार पानी रिसने के कारण खनन से बने गड्ढों में पानी भर गया था, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि खनन माफियाओं द्वारा तालाब क्षेत्र में की गई खुदाई के कारण यह हादसा हुआ है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कार्रवाई की जाती और गड्ढों को भरवाया जाता, तो शायद यह दुर्घटना टल सकती थी। घटना के बाद गांव में प्रशासन और जिम्मेदार विभागों के प्रति नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि तालाब क्षेत्र में हुए अवैध खनन की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

## 288 आवेदनों पर सुनवाई, अधिकारियों को निराकरण के दिए गए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

जिला कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान सीमांकन, बिजली, पेंशन, नगरपालिका, स्वास्थ्य और नामांतरण से जुड़े कुल 288 आवेदन प्राप्त हुए।जनसुनवाई के दौरान राघौगढ़ क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुरा निवासी हेमलता जाटव के आवेदन पर कलेक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।इसके साथ ही नागरिकों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा 70+ आयुष्मान कार्ड, नेत्र परीक्षण, एचआईवी जांच और निःशुल्क कानूनी सहायता जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिनका बड़ी संख्या में लोगों ने लाभ लिया।जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, एसडीएम गुना शिवानी पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गंभीर रूप से बीमार बच्ची के इलाज में तत्काल सहायता

जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान उस समय भावुक माहौल बन गया जब गुलाबगंज निवासी बॉबी साहू अपनी मां के साथ गंभीर रूप से बीमार बेटी के इलाज की गुहार लेकर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के समक्ष पहुंचे। परिजनों ने बताया कि बच्ची लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित है और डॉक्टरों द्वारा महंगे इंजेक्शन नियमित रूप से लगाने की सलाह दी गई है, जिसे वह आर्थिक तंगी के कारण पूरा नहीं कर पा रहे थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर कन्याल ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बच्ची के पहले इंजेक्शन का पूरा खर्च रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से वहन किया जाएगा तथा आगे के उपचार के लिए जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से भी सहयोग लिया जाएगा। कलेक्टर की इस त्वरित और मानवीय पहल से पीड़ित परिवार भावुक हो उठा और उन्होंने आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में उपस्थित लोगों ने भी कलेक्टर की संवेदनशीलता की सराहना की।

## पीएमश्री स्कूल लखनवास में समर कैंप शुरू

**लखनवास।** पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनवास में 1 मई 2026 से 1 जून 2026 तक ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में विद्यार्थियों की रुचि अनुसार स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से रोचक तरीके से पढ़ाई कराई जा रही है, जिससे विद्यार्थी देखकर और समझकर सीख रहे हैं। विद्यालय में खेलों के माध्यम से बच्चों के शारीरिक विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा चित्रकला, पेंटिंग, पर्यावरण संरक्षण, संगीत आदि विधाओं में भी छात्रों को विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। 'स्वल्पाहार की व्यवस्थारू' शिविर के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्वल्पाहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि बच्चे पूरे मन से गतिविधियों में भाग ले सकें।

## जनगणना 2027 मकान सूचीकरण कार्य में नगर परिषद माचलपुर जिले में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶माचलपुर

राजगढ़ जिले में चल रहे, जनगणना कार्य मकान सूचिकरण एवं भवन गणना में प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी डॉ. गिरिश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला जनगणना अधिकारी ज्यौति राजौरे के सत्त निगरानी एवं दीलिप साहू जिला जनगणना प्रभारी के कुशल निर्देशन व जनगणना चार्ज अधिकारी देवेन्द्र कुमार वत्स नगर परिषद माचलपुर के



कुशल संचालन में नगर के 18 ब्लाको का कार्य जनगणना कार्य राजगढ़ जिले के नगरीय क्षेत्रो में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर ज्याति राजौर एवं दीलिप साहू जिला जनगणना प्रभारी द्वारा नगर परिषद माचलपुर में आकर बधाई के साथ प्रशस्ति पत्र सुवराईजर एवं प्रगणको को वित्तरण किये। संचालन गोविन्द सिंह उपयंत्री ने किया एवं जनगणना लिपिक करण सिंह गुर्जर एवं सैयद आबिद अली द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कि गई।

